मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

अनुक्रमांक ..............................

नाम ..............................

205447

901

# 801(FG)

**2026**

## हिन्दी

( केवल प्रश्नपत्र )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :**

i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों, **खण्ड – अ** तथा **खण्ड – ब** में विभक्त है ।

iii) **खण्ड – अ** में **1** अंक के **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके सही उत्तर **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर **नीले** अथवा **काले बाल प्वाइंट कलम** से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें ।

iv) **खण्ड – अ** के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें । **ओ० एम०आर०** उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात् उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें ।

v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

vi) **खण्ड – ब** में **50** अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।

vii) **खण्ड – ब** में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें ।

viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए । जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए ।

[ Turn over

## खण्ड – 'अ'

### बहुविकल्पीय ( वस्तुनिष्ठ ) प्रश्न

1. 'उपन्यास सम्राट्' कहा जाता है

   (A) जयशंकर प्रसाद को  (B) प्रेमचन्द को

   (C) 'अज्ञेय' को  (D) भगवतीचरण वर्मा को  1

2. 'मेरी आत्मकहानी' के लेखक हैं

   (A) डॉ० श्यामसुन्दर दास  (B) महादेवी वर्मा

   (C) सुमित्रानन्दन पन्त  (D) रामचन्द्र शुक्ल  1

3. एकांकी विधा की रचना है

   (A) 'रेशमी टाई'  (B) 'कफन'

   (C) 'अतीत के चलचित्र'  (D) 'रूस में पच्चीस मास'  1

4. 'राष्ट्रभाषा और राष्ट्रीय एकता' रचना के लेखक हैं

   (A) जयशंकर प्रसाद  (B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र  (C) रामधारी सिंह 'दिनकर'  (D) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद  1

5. सही मिलान करके सही विकल्प का चयन करें :

| | ( रचना ) | | ( लेखक ) |
|---|---|---|---|
| (i) | चिन्तामणि | 1. | पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी |
| (ii) | बापू के कदमों में | 2. | जयप्रकाश भारती |
| (iii) | बिखरे पन्ने | 3. | रामचन्द्र शुक्ल |
| (iv) | विज्ञान की विभूतियाँ | 4. | डॉ० राजेन्द्र प्रसाद |

*दिये गये विकल्प :*

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

1

6. 'यशोधरा' काव्य के रचयिता हैं

   (A) केदारनाथ सिंह  (B) मैथिलीशरण गुप्त  (C) रामनरेश त्रिपाठी  (D) सुमित्रानन्दन पन्त  1

7. 'सूरदास' की रचना है

   (A) साहित्य लहरी  (B) दोहावली  (C) पंचवटी  (D) सतसई  1

8. रीतिकाल में 'दोहा' छन्द में 'गागर में सागर' की उक्ति को चरितार्थ करने वाले कवि हैं

   (A) केशव दास  (B) पद्माकर  (C) बिहारीलाल  (D) महाकवि भूषण  1

9. 'द्विवेदी युगीन' कविता की विशेषता है

(A) युद्धों का सजीव वर्णन (B) राष्ट्रीयता की भावना का विकास

(C) आत्मपरक रचनाएँ (D) इनमें से कोई नहीं 1

10. 'नयी कविता' के आरम्भ का समय माना जाता है

(A) सन् 1919 ई० से (B) सन् 1947 ई० से (C) सन् 1936 ई० से (D) सन् 1951 ई० से 1

11. देखि सुदामा की दीन दशा, करुणा करिकै करुणानिधि रोए ।

पानि परात कौ हाथ छुऔ नहिं, नैनन के जल सौं पग धोए ।।

उपर्युक्त पंक्तियों में प्रयुक्त रस है :

(A) वीर रस (B) करुण रस (C) हास्य रस (D) वात्सल्य रस 1

12. तन मन वचन मोर पनु साचा ।

रघुपति पद सरोज चितु राचा ।।

रेखांकित पद में अलंकार है

(A) उपमा अलंकार (B) यमक अलंकार (C) उत्प्रेक्षा अलंकार (D) रूपक अलंकार 1

13. अर्द्धसम मात्रिक छन्द है

(A) चौपाई (B) सोरठा (C) रोला (D) इनमें से कोई नहीं 1

14. 'उपग्रह' में प्रयुक्त उपसर्ग है

(A) उ (B) अप (C) उप (D) अधि 1

15. निम्न में से किस पद में 'बहुव्रीहि समास' है ?

(A) चौराहा (B) नीलगाय (C) प्रतिदिन (D) चन्द्रशेखर 1

16. 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द है

(A) गगन (B) पवन (C) जलज (D) भानु 1

17. 'युष्मद्' शब्द के प्रथमा विभक्ति, बहुवचन का रूप है

(A) त्वम् (B) युवाभ्याम् (C) यूयम् (D) तव 1

18. अरे वाह ! कितना मोहक दृश्य है ।

उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार का है ?

(A) साधारण वाक्य (B) विस्मयादिबोधक वाक्य

(C) प्रश्नवाचक वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं 1

19. मंजरी मधुर गीत गाती है

उपर्युक्त वाक्य में वाच्य का भेद है

(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य (C) भाववाच्य (D) इनमें से कोई नहीं 1

20. 'संख्यावाचक विशेषण' कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) तीन (B) चार (C) दो (D) पाँच 1

205447

5. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक खण्ड के **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 1 × 3 = 3

(क) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी के 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' का वर्णन कीजिए ।

(ख) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य में कवि ने ''महापुरुषों एवं देशभक्तों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय भावना के स्वर को मुखरित किया है'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

(ग) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग 'प्रताप' की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर 'भामाशाह' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(घ) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग का सारांश लिखिए ।

(ङ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(च) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर 'कुन्ती और कर्ण' के संवाद का वर्णन संक्षेप में कीजिए ।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की वीरता एवं दानशीलता का वर्णन कीजिए ।

(छ) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'भरत जी' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'राजभवन' की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

(ज) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग के आधार पर 'काकोरी कांड एवं असेम्बली में बम धमाका' आदि घटनाओं का वर्णन संक्षेप में कीजिए ।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र चन्द्रशेखर 'आजाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(झ) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नायक 'लक्ष्मण' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग का सारांश संक्षेप में लिखिए ।

⊗

6. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए : 3 + 2 = 5

(i) जयप्रकाश भारती

(ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय ।

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए : 3 + 2 = 5

(i) बिहारीलाल

(ii) तुलसीदास

(iii) माखनलाल चतुर्वेदी ।

7. अपनी पाठ्यपुस्तक के 'संस्कृत खण्ड' में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो । 2

8. विद्यालय में 'विज्ञान प्रयोगशाला' की समस्याओं पर प्रधानाचार्य का ध्यान आकृष्ट करने हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए । 4

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1 = 2

(i) धनानां उत्तमं किम् अस्ति ?

(ii) रोगः केन वर्धते ?

(iii) कारावासाधिकारी नाम किम् आसीत् ?

(iv) का संस्कृतिः सदा गतिशीला वर्तते ?

(v) वीरः केन पूज्यते ?

10. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 1 × 7 = 7

(i) पर्यावरण और मानव जीवन

(ii) किसी प्रसिद्ध मेले का वर्णन

(iii) मेरी प्रिय पुस्तक

(iv) मेरी मातृभूमि – 'भारत'

(v) विज्ञान की उपलब्धियाँ ।

205447